गणपति प्रणाम | by Nikunj Prem

ॐ गण गणपति नमः

विघ्नो को हरना काम तुम्हारा
प्रणाम करो स्वीकार हमारा

मोदक प्रिय मुद मंगल दाता
भक्तों के तुम हो भाग्य विधाता
शिव गौरी के नयन का तारा
प्रणाम करो स्वीकार हमारा
विघ्नो को हरना ....

कुमति विनाशक सुमति प्रदायक
कष्ट निवारक मंगल दायक
भक्तों को अपने पल में उबारा
प्रणाम करो स्वीकार हमारा
विघ्नो को हरना ....

रिद्धि और सिद्धि संग में विराजे
मूषक राज वाहन साजे
बप्पा तू ही हमें प्राणन प्यारा
प्रणाम करो स्वीकार हमारा
विघ्नो को हरना ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%a3%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-kuldeep-panwar/